# बूँद-बूँद को तरसते मवान टोला के वाशिंदे: रात भर में जमा होने वाले कुएँ के पानी से बुझ रही प्यास





**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के देवलहा मवान टोला में इस भीषण गर्मी में पानी की भीषण किल्लत खड़ी हो गई है। यहाँ के ग्रामीणों के लिए पानी का संकट इस कदर गहरा गया है कि वे बूँद-बूँद पानी के लिए मोहताज हैं। गाँव के एकमात्र कुएँ का जलस्तर पूरी तरह पाताल में चला गया है। आलम यह है कि दिनभर कुएँ में पानी का नामोनिशान नहीं रहता। रात भर में रिस-रिस कर जो थोड़ा बहुत पानी कुएँ की तली में जमा होता है,ग्रामीण दिनभर उसी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सुबह होते ही कुएँ पर पानी भरने के लिए ग्रामीणों की कतारें लग जाती हैं। घंटों इंतजार करने के बाद एक-एक बर्तन पानी नसीब हो पा रहा है। सड़क,बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के दावों के बीच मवान टोला के बासिंदे पानी जैसी मूलभूत जरूरत के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गाँव में जल्द से जल्द टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति शुरू की जाए और बंद पड़े हैंडपंपों को सुधारा जाए,ताकि इस भीषण समस्या से राहत मिल सके।

### नहीं ले रहे सुध

पानी की भारी किल्लत के कारण हमारा पूरा दिन सिर्फ पानी का इंतजाम करने में ही बीत जाता है। अगर प्रशासन ने जल्द सुध नहीं ली तो स्थिति और बदतर हो जाएगी।

**-स्थानीय ग्रामीण**

## खबर संक्षेप

### तेज बारिश और हवा से संदीपनी विद्यालय की निर्माणाधीन छत गिरी

**मैहर।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के मिजाज,तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मैहर स्थित संदीपनी विद्यालय में एक कमरे का निर्माण कार्य चल रहा था। मौसम खराब होने के कारण इस निर्माणाधीन कमरे की छत अचानक भरभराकर नीचे गिर गई। गनीमत यह रही कि दुर्घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था,जिससे किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अब निर्माण कार्य की गुणवत्ता और नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

### मैहर में अवैध खनिज परिवहन पर बड़ा एक्शन,12 वाहन जब्त

**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देश पर खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 10 जून 2026 को संभागीय उड़नदस्ता रीवा और खनिज विभाग मैहर की संयुक्त टीम ने मुकुंदपुर तिराहा मेन रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ओवरलोड रेत और स्टोनडस्ट से भरे 12 वाहनों को जब्त किया। जांच करने पर पाया गया कि सभी वाहनों में अभिवहन पास (रॉयल्टी) में दर्ज मात्रा से कहीं अधिक खनिज लदा हुआ था। प्रशासन की इस औचक कार्रवाई से क्षेत्र के माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### चेम्बर का द्विवार्षिक अधिवेशन 26 जून को

**28 जून को आवश्यकतानुसार चेम्बर भवन में होगा मतदान**

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना की कार्यकारिणी समिति की बैठक 10 जून बुधवार सायं 04 बजे चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के अध्यक्षता मे आयोजित की गई। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चेम्बर का 61वां द्विवार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा 26 जून 2026 को स्थानीय ओम रिसोर्ट मे संपन्न कराया जाये। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आवश्यकतानुसार 28 जून 2026 को चेम्बर भवन मे मतदान एवं मतगणना मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट के.पी. शर्मा के मार्गदर्शन मे कराया जाये। इसके तहत मतदाता सूची का प्रकाशन 14 जून 2026 को किया जाना है। प्रतिनिधि परिवर्तन की अन्तिम तिथि 13 जून 2026 रखी गई हैं जिन सदस्य बंधुओं को प्रतिनिधि परिवर्तन कराना है। 13 जून 2026 तक चेम्बर कार्यालय में लिखित पत्र के माध्यम से प्रतिनिधि परिवर्तन कराने का कष्ट करें साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है ।

## मानसून से पहले सतना नगर निगम मुस्तैद: डालीबाबा रोड और महिंद्रा एजेंसी के पीछे नालों की सफाई का काम पूरा




**सतना। आगामी वर्षा ऋतु (मानसून) के दौरान शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए नगर पालिक निगम सतना द्वारा 'विशेष नाला सफाई अभियान' तेजी से चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीना के सख्त निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुस्तैदी से काम कर रही है।**

इसी कड़ी में स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह के नेतृत्व में निगम के सफाई अमले ने वार्ड क्रमांक 44 और 45 के अंतर्गत आने वाले डालीबाबा रोड क्षेत्र में भारी 'चैन माउन्टेन मशीन' का उपयोग कर नाले की विशेष सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 22 में महिंद्रा एजेंसी के पीछे स्थित बड़े नाले की सफाई भी पूरी कर ली गई है। सफाई कार्य के दौरान नालों के भीतर जमा भारी गाद,सालों पुराना कचरा और अन्य अवरोधों को पूरी तरह से बाहर निकाला गया ताकि बारिश के पानी का प्रवाह सुचारू रूप से बना रहे। आयुक्त महोदय ने बताया कि संभावित जलभराव की स्थिति से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की नियमित सफाई की जा रही है और बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## होटल महामाया के पास चला नगर निगम का पंजा सड़क और फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी अतिक्रमण





**सतना।** नगर पालिक निगम सतना के आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना के निर्देशानुसार शहर को व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण विरोधी विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज निगम की टीम ने शहर के व्यस्ततम इलाके होटल महामाया के पास सड़क किनारे किए गए अवैध और अस्थायी अतिक्रमणों पर कड़ी कार्रवाई की। अतिक्रमण अधिकारी दीपक बागरी के नेतृत्व में पहुंचे निगम के अमले ने होटल महामाया के आसपास मुख्यमार्ग और फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों और अस्थायी दुकानों को पूरी तरह से हटा दिया। कार्रवाई के दौरान मार्ग को पूरी तरह व्यवस्थित कराया गया,जिससे वहाँ से गुजरने वाले राहगीरों और वाहनों को जाम से राहत मिल सके। कार्रवाई के साथ ही निगम प्रशासन द्वारा ठेला संचालकों और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे दोबारा सड़क या फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें। निगम प्रशासन ने साफ किया है कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखना और आमजन को असुविधा से बचाना उनकी प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में भी शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर यातायात में बाधा बनने वाले अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ इसी तरह की नियमित और सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।



# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने पर भड़की कांग्रेस, ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन



**सतना।** कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर और ब्लॉक स्तर पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया गया नामांकन खारिज किए जाने के विरोध में किया गया। जिला मुख्यालय में चौपाटी के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबह 11 बजे से धरना देना शुरू किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भाजपा संवैधानिक व्यवस्था को दरकिनार कर,सिर्फ कुर्सी हथियाने के चक्कर में प्रजातंत्र का गला घोंटने पर आमादा है।

### ब्लॉक स्तर पर भी फूटा गुस्सा,एक साथ शुरू हुआ आंदोलन

जिला कांग्रेस के आह्वान पर यह आंदोलन केवल शहर तक सीमित नहीं रहा,बल्कि ब्लॉक स्तर पर भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया। जिले के नागौद, कोठी, मझगवां,रामपुर बघेलान और उचेहरा में एक साथ आंदोलन की शुरुआत की गई। कार्यकर्ताओं ने उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। नागौद के कचहरी प्रांगण में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुतार अहमद सिद्दीकी ने बताया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में पूरी कांग्रेस उद्वेलित और आंदोलित है। जिला मुख्यालय (शहर) प्रदर्शन में पूर्वमंत्री सईद अहमद,शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ इकबाल,किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय,राजभान सिंह,गीता सिंह,उर्मिला त्रिपाठी, सविता अग्रवाल,सन्नू अवस्थी,उपेंद्र मिश्रा,रूपेश बागरी,आरती सिंह,प्रभा बागरी,सीमा बागरी, रमेश द्विवेदी,बरमेंद्र सिंह,सतेन्द्र निगम और अमित गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नागौद ब्लॉक प्रदर्शन में नागेश मिश्रा, कल्पना वर्मा, रोहिणी प्रसाद लोधी, वीरेंद्र सिंह, विनीत सिंह, संध्या कुशवाहा, वरुण गुर्जर, शिवबालक लोधी, विनोद कुशवाहा, दिनेश सिंह, गुरवेंद्र सिंह, शिवम सिंह, गोलू सिंह, सत्तू कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह, विदुर उपाध्याय, रामरूप चौधरी, डॉ.यज्ञदत्त त्रिपाठी, राहुल सोनी, बाबूलाल पटेल, मुख्तार अहमद ,अभिलाष कुशवाहा, संजय उपाध्याय, पुष्पेंद्र कुशवाहा, उदयभान सिंह, अमर शुक्ला, आशुतोष सिंह, अंकित सिंह, बिहारीलाल, विष्णु पाण्डेय, दुर्गेश द्विवेदी, पिंकी चौधरी, मोतीलाल चौधरी और शारदा प्रताप सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# रोड सेफ्टी व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए गए

### बिना परमिट, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई हो



**मैहर।** रोड सेफ्टी समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे ने मैहर में रोड सेफ्टी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित रोड सेफ्टी समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर,एसडीएम दिव्या पटेल, आरटीओ,एनएचएआई,पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा कर उनके प्रभावी निवारक उपाय सुनिश्चित करना था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा विगत दो वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं,चालानी कार्यवाही एवं यातायात जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। माननीय न्यायाधीश महोदय ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में मैहर जिले द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा कहा कि छोटे जिलों में मैहर इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों का गहन विश्लेषण कर निवारक उपायों पर विशेष जोर देते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने मां शारदा की नगरी मैहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने,बिना परमिट एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट,वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं बीमा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने,दुर्घटना संभावित स्थलों में आवश्यक सुधार कराने एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

## कोल आदिवासी संघ ने मांगों का ज्ञापन सौंपा



**मैहर।** मध्य प्रदेश कोल आदिवासी सेवा संघ ने तीन सूत्री मांगों को लेकर मैहर कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को मध्य प्रदेश में आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र में पांचवी अनुसूचित और पेसा एक्ट लागू किए जाने के लिए मध्य प्रदेश कोल आदिवासी सेवा संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गइ है कि मैहर जिले से मध्य प्रदेश के 15 जिलों में,मैहर,रीवा,सतना,कटनी,उमरिया मऊगंज, जबलपुर,सीधी शहडोल,अनूपपुर,अन्य जिलों में जहां आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र है उन जिलों में पांचवी अनुसूची पेसा एक्ट जमीन स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। इसी तरह मध्य प्रदेश की कितनी बड़ी आबादी कॉल आदिवासी अधिकांश भूमि हिन क्षेत्र क्षेत्र में कठिन मजदूरी करने वाली है और शैक्षणिक सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से सबसे विशेष अति पिछड़ी जाति है जिससे मुख्य धारा मिलने के लिए विशेष अति पिछड़ीजनजाति दर्ज किया जाए इसके साथ ही आदिवासियों को नए नियम से बाहर रखा जाए देश के नए नियम यूनिफाइड सिविल कोड सम्मान नागरिक संहिता से देश के आदिवासियों की संस्कृति रीति रिवाज परंपराएं शादी विवाह पूजा पाठ और संविधान में दिए गए विशेष सुरक्षा संरक्षण के प्रधान प्रभावित होंगे।मध्य प्रदेश कोल आदिवासी सेवा संघ के तत्वाधान में महामाहित राष्ट्रपति महोदय को एवं अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष भोपाल मैहर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

## 12 से 14 जून तक लगेंगे जन कल्याण शिविर, सभी 45 वार्डों की समस्याओं का मौके पर होगा निपटारा

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में आगामी 12, 13 एवं 14 जून 2026 को तीन दिवसीय विशेष जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाना है।यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी 45 वार्डों को जोन के अनुसार विभाजित किया गया है।

12 जूनः जोन क्रमांक-1 (धवारी) 13 जूनः जोन क्रमांक-2 (मार्केट क्षेत्र) एवं जोन क्रमांक-3 (बरदाडीह)

14 जूनः जोन क्रमांक-4 (नयी बस्ती) एवं जोन क्रमांक-5 (टिकुरिया टोला) इन शिविरों में नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहेंगे,जो आवेदनों पर संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ कार्रवाई करेंगे। नगर निगम आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और एक ही छत के नीचे सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## खबर संक्षेप



### तहसील परिसर में स्वच्छ पेयजल के लिए जेके सीमेंट ने भेंट किया वाटर प्यूरीफायर

**अमानगंज।** जेके सीमेंट पन्ना द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (ब्ै) के तहत तहसील परिसर में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए एक वाटर प्यूरीफायर बुधवार को शाम 4रू00 बजे तहसीलदार ममता मिश्रा को भेंट किया गया। यह प्यूरीफायर तहसील परिसर में आमजन एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर जेके सीमेंट कंपनी के सीएसआर हेड मनीष सिन्हा ने कहा कि कंपनी क्षेत्र में जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को निरंतर प्राथमिकता दे रही है।कार्यक्रम में राकेश चौरसिया, नरेंद्र शर्मा सहित तहसील कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### वार्ड क्रमांक 14 में 15 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

**पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 में मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग निधि से स्वीकृत 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं वार्ड पार्षद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्डवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग निधि से स्वीकृत इस निर्माण कार्य से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

पूजा-अर्चना, स्वच्छता अभियान, खिलाड़ियों का सम्मान, विद्यालय निरीक्षण, हितग्राही संवाद और सहभोज के माध्यम से विकास व सेवा का दिया संदेश

# मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल पर पन्ना में जनसेवा के केंद्र बने-बृजेन्द्र प्रताप सिंह








**पन्ना।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर पन्ना जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक माननीय श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह रहे, जिन्होंने दिनभर विभिन्न आयोजनों में सहभागिता कर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। खिलाड़ियों के सम्मान से लेकर स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, धार्मिक अनुष्ठान, विद्यालय निरीक्षण, हितग्राही संपर्क एवं कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज तक, पूरे दिन विधायक श्री सिंह जनसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय दिखाई दिए।दिन की शुरुआत पन्ना के ऐतिहासिक छत्रसाल स्टेडियम, नजरबाग में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह से हुई। यहां विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जिले के उभरते खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए उन्हें मेडल, शाल, श्रीफल एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को नई पहचान और नई दिशा दी है। आज देश के खिलाड़ी विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।इसके बाद विधायक श्री सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ धर्मसागर तालाब पहुंचकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने स्वयं श्रमदान कर तालाब परिसर की साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इसी दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत धर्मसागर उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है और वृक्षारोपण इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पन्ना के प्रसिद्ध बड़ी देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व आज विश्व में भारत की नई पहचान का आधार बन चुका है। गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो संकल्प उन्होंने लिया है, वह आज धरातल पर दिखाई दे रहा है।धार्मिक कार्यक्रम के बाद विधायक श्री सिंह सीधे संदीपनि सीएम राइज विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माणाधीन भवन एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों और निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। मौके से ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय में गुणवत्ता, सुरक्षा और सुविधाओं के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा शीघ्रातिशीघ्र विद्यालय को पूर्ण रूप से संचालित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय निरीक्षण के पश्चात विधायक श्री सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया। वार्ड क्रमांक 6 में भाजपा कार्यकर्ता संजू यादव के निवास से प्रारंभ हुए इस अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।इसके बाद विधायक श्री सिंह ने वार्ड क्रमांक 6 में विभिन्न हितग्राहियों एवं लाभार्थियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभाव की जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, निःशुल्क राशन योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए। हितग्राहियों ने बताया कि इन योजनाओं ने उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सम्मानजनक जीवन की नई राह खोली है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।दिवस भर के कार्यक्रमों के समापन अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता अल्पेश शर्मा एवं पार्षद श्रीमती राखी शर्मा के निवास पर सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहभोज में विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की निष्ठा ही भाजपा को जन-जन की पार्टी बनाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। आज भारत विश्व मंच पर मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा भाजपा कार्यकर्ता इस परिवर्तन यात्रा के सहभागी हैं।कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष कमल लालवानी, जिला महामंत्री राजेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, संजय अहिरवार, मनोज केसरवानी, रविंद्र शुक्ला, ऋषि बुंदेला, पूनम यादव, दीपेश व्यास, सोनूराजा, सौरभ ओमरे, अंकित शर्मा, श्रीमती शशि परमार, श्रीमती सविता चौबे, श्रीमती शक्ति शर्मा, श्रीमती अनामिका विश्वकर्मा, विनोद तिवारी,श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती आशा जड़िया, श्रीमती कविता रैकवार, श्रीमती राजकुमारी लोधी, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती आकांक्षा राय, श्रीमती जया यादव, बृजकिशोर दुवेदी, नीरज लोधी, रत्नेश पटेरिया, मृगेंद्र सिंह गहरवार, संतोष साहू, नत्थू सेन, अमित सिंह परमार,श्यामलाल कुशवाहा, संजू यादव, श्रीमती अमृता खरे, श्रीमती नेहा गुप्ता, राकेश गुप्ता, पंकज शिवहरे, कैलाश शिवहरे, हिमांशु विश्वकर्मा, शशांक वर्मा,संजय शर्मा,सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## अमानगंज अस्पताल बना पार्किंग स्थल, मरीजों की बढ़ी परेशानी



### छोटी-बड़ी गाड़ियों ने घेरा अस्पताल का रास्ता, जिम्मेदार अधिकारी बने धृतराष्ट्र

**अमानगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों के लिए मुसीबत बन गई है। अस्पताल परिसर में छोटी एवं बड़ी गाड़ियों के बेतरतीब खड़े रहने से मुख्य मार्ग बाधित हो रहा है, जिससे मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अस्पताल के प्रवेश मार्ग पर ही दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे स्ट्रेचर और व्हीलचेयर निकालने में भी कठिनाई होती है। कई बार गंभीर मरीजों को लेकर आने वाले परिजनों को रास्ता साफ होने का इंतजार करना पड़ता है। इससे आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में पार्किंग की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी अनदेखी कर रहे हैं और धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और अस्पताल की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

## 17 साल की बेटी को कमरे से बाहर निकाला, फिर आशा कार्यकर्ता से किया विवाद और धारदार हथियार से हत्या कर खुद सल्फास खाकर कर ली आत्महत्या

**पवई।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ पवई के वार्ड क्रमांक-14 में किराए के मकान में रहने वाली 37 वर्षीय आशा कार्यकर्ता रजनी शुक्ला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद पकड़े जाने के डर से आरोपी युवक सुरेंद्र उर्फ सीताराम तिवारी ने भी सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका रजनी शुक्ला सुनवानी में आशा कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ थीं।




### बेटी को कमरे से बाहर निकाल की हत्या

मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज बुधवार दोपहर की है। आरोपी सुरेंद्र उर्फ सीताराम तिवारी, जो कि मृतिका के गांव का ही रहने वाला बताया जा रहा है, रजनी शुक्ला के किराए के मकान पर पहुंचा। वहां उसने आशा कार्यकर्ता की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को कमरे से बाहर निकाल कर कुंडी लगा ली और रजनी शुक्ला से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने पास रखे धारदार हथियार से रजनी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### कमरे में पड़े मिले दोनों के शव

वारदात के बाद जब आरोपी को पुलिस और कानून का डर सताया, तो उसने पकड़े जाने के खौफ में खुद भी सल्फास की गोली खा ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब कमरे में बंद मृतिका की 17 वर्षीय बेटी ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जब घर के दरवाजे खोले गए, तो अंदर का नजारा देखकर सबके होश उड़ गए। कमरे के अंदर दोनों के शव लहूलुहान और संदिग्ध हालत में पड़े हुए थे। हत्या और आत्महत्या के इस दोहरे मामले की जानकारी लगते ही एसडीओपी (ैक्व्च) भावना सिंह दांगी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल हत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है, पुलिस हर एंगल से मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस सनसनीखेज घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## जुगल किशोर मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी की धर्मपत्नी का निधन, शहर में शोक की लहर

### श्रीमती चंदा देवी शर्मा ने 71 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



**पन्ना।** शहर के बेनीसागर मोहल्ला निवासी एवं जुगल किशोर मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी रहे स्वर्गीय पंडित अवध बिहारी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा देवी शर्मा का मंगलवार शाम निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर से शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। परिजनों के अनुसार श्रीमती चंदा देवी शर्मा ने 9 जून की शाम लगभग 6 बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 10 जून को प्रातः 10 बजे धरमसागर मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्रीमती शर्मा धार्मिक एवं सामाजिक प्रवृत्ति की महिला थीं और शहर में उनका विशेष सम्मान था। उनके निधन पर परिजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों तथा नगरवासियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे जुगल किशोर मंदिर के पुजारी पंडित मुकेश शर्मा (मुक्कू महाराज), राजेश शर्मा एवं अनिल शर्मा की माताजी थीं। शोक संदेशों में दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई है।

## मीनाक्षी नटराजन के समर्थन में गुनौर में कांग्रेसियों का एक दिवसीय उपवास, भाजपा सरकार पर बोला हमला

**गुनौर।** कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन के साथ हुए कथित अन्याय के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर के नेतृत्व में स्थानीय संकटमोचन मंदिर प्रांगण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय उपवास रखकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया।



### लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात

उपवास पर बैठे स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में अपनी बात रखते हुए कहा कि सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी जैसी वरिष्ठ और संघर्षशील नेता के साथ जो कृत्य हुआ है, वह सीधे तौर पर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या और उन पर गहरा आघात है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि सत्ता के नशे में चूर होकर सत्ताधारी दल विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रहा है।

### दमन और अहंकार के खिलाफ जारी रहेगा जनआंदोलन

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस वक्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, ष्भाजपा सरकार के दमन और अहंकार के खिलाफ हमारा यह सत्याग्रह यहीं रुकने वाला नहीं है। लोकतंत्र को बचाने के लिए हमारा यह संघर्ष और जनआंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

### सत्य की होगी जीत

संकटमोचन मंदिर प्रांगण में आयोजित इस एक दिवसीय उपवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया पाम वैचारिक और राजनैतिक लड़ाई में ष्सत्य की जीत होगी और अन्याय की हार होगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और आम जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सत्याग्रह को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

## पन्ना में कांग्रेस ने उपवास रखकर किया धरना प्रदर्शन

**पन्ना।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी,पूर्व सांसद माननीय मीनाक्षी नटराजन जी का 'नामांकन दुर्भावनापूर्ण तरीके से रद्द किए जाने के विरोध में', मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष श्री अनीश खान की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस/ब्लॉक कांग्रेस/नगर कांग्रेस के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पन्ना मुख्यालय पर 'ष्उपवास कार्यक्रमष' रखा गया है। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व अध्यक्ष शिवजीत सिंह,वरिष्ठ कांग्रेसी रामकिशोर मिश्रा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एडवोकेट राजेश तिवारी, महेंद्र दीक्षित,कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया,मनीष मिश्रा सुनील अवस्थी, जगतपाल सिंह, उब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला,मार्तंड देव बुंदेला ,संगठन महासचिव राजबहादुर पटेल, नगर अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी, प्रवक्ता दीपक तिवारी, प्रवक्ता अंकित शर्मा, नृपेद्र सिंह ,नेता प्रतिपक्ष रेहान मोहम्मद, शशीकांत दीक्षित, भूपेंद्र सिंह परमार, अक्षय तिवारी, पार्षद वैभव थापक, भूपेंद्र सिंह बुंदेला,कमल सिंह, ओमप्रकाश अहिरवार,सलभ मिश्रा,राजा तिवारी,उमाशंकर तिवारी, सौरभ पटेरिया, शैलेंद्र यादव, श्रीमती आस्था तिवारी श्रीमती देवकी प्रजापति, अभिषेक चौरसिया, सत्यजीत सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा, बृजेंद्र यादव, राकेश शर्मा ,जावेद खान, कदीर खान,सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र जाटव, बृजेंद्र दुबे, मुन्ना महाराज, सत्यम उपाध्याय, योगेश जड़िया, सफीक मोहम्मद,सोनू चौधरी, अरविंद सोनी, महेन्द्र यादव, रामलाल नरेश श्यामलाल संत कुमार प्रदीप सुनील विनोद रविंद्र आदिवासी, राजेंद्र विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते किराना व्यापारी फांसी पर दुकान में ही झूला

### नगर के वार्ड क्रमांक 1 में घटी घटना, परिजनों में भारी शोक



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 1 पटना मोहल्ला में आज एक किराना व्यापारी अपनी ही दुकान में फांसी लगाकर अपने जीवन लीला को समाप्त कर लिया घटना की सूचना जैसे ही पड़ोसियों को लगी तत्काल ही उन्होंने 112 को सूचना दी जिस पर स्थानीय पुलिस वाले मौके पर पहुंच गया और मृतक को फांसी से उतर कर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया मृतक का नाम रामभद्र उर्फ बेटू पिता बृज गोपाल तिवारी उम्र तकरीबन 48 वर्ष बताई जा रही है किराना व्यापारी बेटू में यह कदम क्यों उठाया यह बात समझ से परे है? बेटू ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया यह पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगा घटना के बाद नाना प्रकार के सवाल स्वयं खड़े हुए बेटू एक धार्मिक और सामाजिक व्यक्ति साथ ही मिलनसार व्यक्ति था।

# एमसीएक्स मामला : राजेश अग्रवाल की मौत के जिम्मेदार 5 ईनामी आरोपी नही चढ़ रहे पुलिस के हत्थे, एसपी ने 5-5 हजार का घोषित किया था ईनाम

छतरपुर।

शहर क्र थाना ओरछा रोड़ के अंतर्गत श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले एमसीएक्स के व्यापारी राजेश अग्रवाल की मौत के 10 दिन बाद भी जिम्मेदार 5 आरोपी पुलिस की पकड़ से लगातार बाहर है। जबकि पुलिस अधीक्षक ने इन पांचों आरोपियों पर 5-5 हजार रूपए का ईनाम भी घोषित किया था लेकिन इसके बावजूद भी यह 5 आरोपी पुलिस के जाल में नहीं फस पा रहे है, वहीं चर्चा है कि पुलिस इस मामले में आरोपियों को हाई कोर्ट से जमानत कराने के लिए समय दे रही है। अब यह चर्चा कितनी सच है यह पुलिस ही बता सकती है। लेकिन एमसीएक्स के मामले ने एक घर उजाड़ कर रख दिया। पुलिस ने एक आरोपी रोहित पटैरिया को जरूर गिरफ्तार कर लिया था। ओरछा रोड़ के दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही भी की थी लेकिन पुलिस के तीर खाली निकल गए थे। इसलिए 10 दिन बीत जाने के बाद अब शहर में तरह तरह की चर्चाऐं होने लगी है जो आरोपी इस मामले में फरार है उनमें अपोलों क्रास के संचालक शरद अग्रवाल, अनवर खान, सुरेश नगरिया, दीपक उर्फ मुनू अग्रवाल शामिल है। शहर में एक चर्चा और सुनने को मिल रही है कि एमसीएक्स कारोबार से जुड़े सभी आरोपी प्रभावशाली और धन से सम्पंन्न है जबकि पीड़ित परिवार में मृतक की बूढी मां और मानसिक विक्षिप्त पुत्र व पत्नी ह। पीड़ित परिवार इस मामले में ज्यादा भाग दौड़ नही कर पा रहा है मीडिया द्वारा इस



मामले को उछाले जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ था और फिर ओरछा रोड़ थाने में 6 आरोपियों के विरूद्व मामला दर्ज किया गया था। तब लोगों को लगा था कि एमसीएक्स मामले के कारोबारी और राजेश अग्रवाल की मौत के जिम्मेदार सभी आरोपी जल्द ही जेल की सीखचों में जाएंगे। लेकिन घटना के करीब 10 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर उनका कोई सुराग भी नहीं लगा। जिससे अब लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाने लगे है।

लोगों की मांग है कि एमसीएक्स मामले के कारोबारी आरोपी उक्त कमाई कहाँ खर्च करते थे उनकी संम्पतियों की जांच होनी चाहिए तथा साझेदारों के मोबाईल की कॉल डिटेल भी खंगाले जाने चाहिए, ताकि सभी सच्चाई सामने आ सकें। पुलिस ने बंद कमरे को जब खोला था तो वहां से मृतक का मोबाईल और लैपटॉप बरामद हुआ था। जिसमें एमसीएक्स का पोर्टल खुला हुआ था मोबाईल और लैपटॉप से पुलिस को अनेक महत्वपूर्ण तथ्य हासिल हुए होगे। क्योंकि एमसीएक्स मामले में मोबाईल और लैपटॉप ही मुख्य रूप से उपयोग किए जा रहे थे। पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी जप्त किया था और सुसाइड नोट के आधार पर ही मोबाईल व लैपटॉप जप्त किया था। क्योंकि लैपटॉप में कई महत्वपूर्ण जानकारियां और एमसीएक्स मामले से जुड़ा हुआ डाटा भी मौजूद था। लेकिन घटना के 10 दिन बाद भी डेटा को रिकवर नहीं होने से मामले की जांच में तेजी नहीं आई है। अब लोगों की नजर पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगी हुई है कि कब पुलिस इस मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। लेकिन यदि ऐसा ही रहा तो पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। मीडिया बहुत पहले से ही एमसीएक्स के बारे में खबरें प्रकाशित कर रहा था। लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया और जब राजेश अग्रवाल की बंद कमरे में लाश मिली तो पुलिस हरकत में आ गई और फिर पुलिस को जांच पड़ताल करके मामला दर्ज करना पड़ा, लेकिन अभी एक ही आरोपी गिरफ्तार हुआ है। 10 दिन बाद जब कोई नतीजा नहीं निकला है तो लोग अब खुलकर चर्चा करने लगे है कि राजेश अग्रवाल की मौत के आरोपियों को पुलिस जमानत के लिए समय दे रही है।

### इनका कहना है -

राजेश अग्रवाल की मौत के मामले में कुल 6 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था जिसमें से एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है और 5 आरोपी अभी फरार है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार सर्चिंग कर रही ह। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक आरोपी पर 5-5 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था अब बहुत जल्द ही आरोपी पुलिस के शिकंजे में होगे।

**दीपक यादव**
उपनिरीक्षक, थाना ओरछा रोड़

परिजनों ने सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों पर लगाए गंभीर आरोप, जांच शुरू

# इलाज के दौरान तीन माह की गर्भवती की मौत डॉक्टरों पर पैसे लेकर लापरवाही का आरोप

छतरपुर।

जिले में इलाज के दौरान तीन माह की गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने लवकुशनगर शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज के नाम पर पैसे लेने और लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कितपुरा निवासी 23 वर्षीय ज्योति देवी पत्नी फूल सिंह राजपूत मंगलवार सुबह पेट दर्द की शिकायत लेकर लवकुशनगर शासकीय अस्पताल पहुंची थीं। परिजनों का आरोप है कि जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्चेदानी में समस्या बताते हुए सफाई (प्रक्रिया) करने की बात कही और इसके लिए छह हजार रुपए की मांग की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पांच हजार रुपए में बात तय हुई। परिजनों के मुताबिक महिला करीब तीन माह की गर्भवती थी तथा उसका गर्भ खराब हो चुका था।

प्रक्रिया के कुछ समय बाद महिला की हालत बिगडऩे लगी। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया। यहां पहले प्रसूति वार्ड में भर्ती किया गया, बाद में हालत नाजुक होने पर आईसीयू में शिफ्ट किया गया, लेकिन उपचार के दौरान मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में भी समय पर उचित उपचार और आवश्यक जांच नहीं किए जाने का आरोप लगाया। आक्रोशित परिजनों ने प्रारंभ में पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया। परिजनों ने बताया कि मृतका के पहले पति का निधन हो चुका था और उसकी तीन बेटियां हैं। वर्तमान पति फूल सिंह के साथ यह उसका पहला बच्चा था।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इलाज के नाम पर रुपए मांगने और महिला की मौत के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार एमएलसी में महिला की मृत्यु का कारण फिलहाल अज्ञात बताया गया है। मामले की जांच जारी है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# 20 पेटी अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**ईशानगर**। थाना ईशानगर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 पेटी अवैध शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के संग्रह, विक्रय और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ईशानगर पुलिस को अवैध शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी।



सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पहाडग़ांव तिराहा के पास घेराबंदी की। नौगांव रोड से आ रही एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन से 20 पेटी अवैध शराब, जिसकी मात्रा 180 लीटर बताई गई है, बरामद हुई। पुलिस ने मौके से राहुल राजा परमार पिता अनंत पाल सिंह परमार निवासी ग्राम कांटी थाना गुलगंज, जिला छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना ईशानगर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी अवैध शराब संबंधी प्रकरणों में संलिप्त रहा है। पूछताछ के दौरान पुलिस को शराब के स्त्रोत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। मामले में फरार अन्य आरोपी की तलाश जारी है तथा पुलिस विवेचना कर रही है।

# आरोपियों पर कठोर कार्रवाई और अवैध निर्माण ढहाने की मांग, संत कबीर समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर**। टोरिया मोहल्ला में हुई हालिया हिंसक घटना के विरोध में बुधवार को संत कबीर समाज छतरपुर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। समाज ने इस पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



एसपी को सौंपे गए शिकायती पत्र में कबीर समाज ने उल्लेख किया है कि बीते 4 जून 2026 की रात टोरिया मोहल्ला में जो वारदात हुई, वह बेहद निंदनीय है। आरोपियों ने न केवल छतरपुर जिले के कई पत्रकार साथियों के साथ मारपीट की, बल्कि एक 3 साल की मासूम बच्ची पर भी जानलेवा हमला कर उसे जान से मारने की कोशिश की। इसके अलावा, आरोपियों द्वारा मौके पर मुस्तैद पुलिस प्रशासन के साथ भी घोर अभद्रता की गई। कबीर समाज ने ज्ञापन के माध्यम से एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए बताया कि जिस स्थान पर आरोपियों का मकान या संपत्ति बनी हुई है, वह जगह ऐतिहासिक रूप से समाज की है। वहाँ पूर्व में संत कबीर समाज की पंचायतें हुआ करती थीं। आरोपियों ने उस पंचायत की जमीन पर अवैध निर्माण कर रखा है। समाज ने मांग की है कि आरोपियों के घर और संपत्ति की तुरंत जांच कराई जाए, ताकि समाज की जमीन वापस मिल सके। संगठन ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए जिससे शहर का माहौल खराब न हो। इस दौरान समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बागेश्वर धाम में विशेष हवन

**छतरपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बागेश्वर धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बागेश्वर धाम पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की निरंतर प्रगति के लिए पूजा-अर्चना की। बागेश्वर सरकार के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद वीडी शर्मा, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। विशेष रूप से दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर 12 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कन्या पूजन भी किया तथा भारतीय जनता पार्टी के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की कामना की।



## सरकारी दफ्तर बना ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट, विभागीय कार्यालय में बिजली के दुरुपयोग का वीडियो वायरल

**छतरपुर**। शहर के पुराने पन्ना नाका स्थित नरसिंह मंदिर के सामने संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय में सरकारी बिजली के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में विभागीय कार्यालय परिसर में ई-रिक्शा चार्ज होते दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और सरकारी संसाधनों के उपयोग पर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, रोजाना शाम करीब 6 बजे के बाद कार्यालय परिसर में ई-रिक्शा लाकर चार्ज किए जाते हैं। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से कार्यालय भवन से बिजली कनेक्शन लेकर ई-रिक्शा चार्जिंग की गतिविधि दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी कार्यालय को निजी उपयोग के लिए चार्जिंग प्वाइंट की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे शासन के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है।

## 3 हजार के इनामी 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर**। थाना चंदला पुलिस ने वर्ष 2025 के मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट से जुड़े प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 3 हजार के दो इनामी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना चंदला क्षेत्र के मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट के मामले में आरोपी प्रदुम्ब सिंह ठाकुर पिता नत्थू ठाकुर निवासी छठीबम्हौरी तथा छोटे सिंह ठाकुर पिता राजू ठाकुर निवासी छपरा फरार चल रहे थे। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 3 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना चंदला पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी प्रदुम्ब सिंह ठाकुर चोरी और मारपीट सहित पांच आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, प्रधान आरक्षक राजेश, सुनील अरजरिया तथा आरक्षक राजेंद्र और छोटेलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## अबहीबाबा बरमदेव के स्थान पर भव्य यज्ञ एवं भंडारा सम्पन्न

**गौरिहार**। क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र अबहीबाबा बरमदेव के स्थान पर भव्य यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। गौरिहार मुख्यालय से लगभग चार किलोमीटर दूर भूरापुरवा और देवपुरवा के मध्य स्थित इस पावन स्थल पर क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कीं। पूरे आयोजन स्थल पर अबहीबाबा बरमदेव के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। यज्ञ पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों के अनुसार भूरापुरवा-देवपुरवा के बीच स्थित अबहीबाबा बरमदेव का यह स्थान क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना पर बाबा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

# 15 दिन तक झाड़-फूंक के भरोसे रही बेटी हालत बिगड़ी तो अस्पताल पहुंचे परिजन

**छतरपुर**। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरजपुर में अंधविश्वास का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां 18 वर्षीय युवती के बीमार होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल ले जाने के बजाय करीब 15 दिनों तक झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के सहारे इलाज कराने का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सूरजपुर निवासी सीमा सिंह पिछले लगभग 15 दिनों से अस्वस्थ थी। शुरुआत में उसे पेट दर्द और कमजोरी की शिकायत थी, लेकिन समय के साथ उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। इसके बावजूद परिजनों ने चिकित्सकीय उपचार कराने के बजाय बीमारी को कथित प्रेत बाधा और नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव मान लिया।



युवती की मां गेंदा रानी ने बताया कि बेटी की बीमारी दूर कराने के लिए बृजपुरा, चंद्रनगर सहित कई स्थानों पर तांत्रिकों और झाड़-फूंक करने वालों के पास ले जाया गया। इस दौरान पूजा-पाठ और विभिन्न तांत्रिक अनुष्ठान भी कराए गए, लेकिन युवती की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

परिजनों के अनुसार हाल ही में किसी व्यक्ति ने दावा किया कि युवती को तंत्र-मंत्र के माध्यम से कुछ खिला दिया गया है और विशेष क्रिया से उसे ठीक किया जा सकता है। इसी विश्वास के चलते परिजन उसे लेकर गुलगंज की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई। घबराए परिजन तत्काल उसे गुलगंज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में युवती जिला अस्पताल में भर्ती है और डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार जारी है।

# एनसीएल के 'मेगा समर कैंप-आरोहण' का हुआ समापन

## प्रतिभाओं का 'आरोहण': 13 विधाओं में निखरे 4700 से अधिक बच्चे

**सिंगरौली**। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा आयोजित "मेगा समर कैंप-आरोहण" का समापन हुआ। एनसीएल की सभी परियोजनाओं में कैंप स्थल पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान परियोजनाओं में क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) राजेश त्रिवेदी, मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश त्रिवेदी ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी एवं कहा कि एनसीएल ने बच्चों में प्रतिभा का बीज बो दिया है और अब अभिभावकों का दायित्व है कि वे उनके इस हुनर को जिंदा रखें और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दें। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे में एक अनूठी प्रतिभा होती है, जिसे बस सही मंच मिलने की देरी होती है, एनसीएल ने 'आरोहण' के रूप में बच्चों को वही मंच देने का एक छोटा सा प्रयास किया है। अंत में त्रिवेदी ने आरोहण समर कैंप के प्रशिक्षकों को बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए सादर धन्यवाद दिया तथा एनसीएल कल्याण विभाग की पूरी टीम की भी सराहना की, जिनके अथक प्रयासों और कुशल प्रबंधन से 'आरोहण 2026' का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने वाले "आरोहण" प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

समापन समारोह के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में विजेता खिताब हासिल कर चुके 'आरोहण' के विभिन्न संस्करणों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपस्थित बच्चों ने कैंप के दौरान सीखे गए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक विधाओं का शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस वर्ष 21 मई से शुरू हुए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के 4718 बच्चों ने भाग लिया। कैंप के दौरान योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चों को कुल 13 अलग-अलग विधाओं में पारंगत किया गया। शिविर के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक जुड़ाव एथलेटिक्स में देखा गया जहां 1323 बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा फुटबॉल में 632, डांस और म्यूजिक में 623, बैडमिंटन में 497, कबड्डी में 235, स्विमिंग में 234, आर्ट्स एंड क्राफ्ट में 219, वॉलीबॉल में 173, स्केटिंग में 114, जूडो-कराटे में 122, क्रिकेट में 515, टेबल–टेनिस में 20 और बास्केटबाल में 11 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



'आरोहण' समर कैंप के समापन समारोह के दौरान उपस्थित सभी ने स्वच्छता शपथ ली एवं अपने आस-पास के परिसर को साफ सुथरा रखने, कचरा कूड़ेदान में डालने और एकल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा साल 2018 से लगातार हर वर्ष "आरोहण" समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति गहरी रुचि पैदा करना है। इसके साथ ही आज के डिजिटल दौर में बच्चों को मोबाइल और ऑनलाइन गेम्स की आभासी दुनिया से बाहर निकालकर शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना की सीख भी देना है। शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उनके लिए पौष्टिक आहार और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। एनसीएल का यह सार्थक प्रयास सिंगरौली क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा तराशने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है।

# एनटीपीसी विंध्याचल सुहासिनी संघ का जरूरतमंद विद्यार्थियों और ग्रामीण महिलाओं के लिए सराहनीय सीएसआर पहल

**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल में उत्तरा क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सीमा कौशिक का आगमन हुआ, जहां उनका स्वागत श्रीमती निशी सिन्हा, प्रभारी कल्याण प्रकोष्ठ, सुहासिनी संघ; श्रीमती शिल्पा कोहली, महासचिव, सुहासिनी संघ तथा क्लब की वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा किया गया।



उनका यह दौरा सुहासिनी संघ की शिक्षा, करुणा एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाने वाली एक महत्वपूर्ण सीएसआर पहल का हिस्सा रहा। इस अवसर पर उत्तरा क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सीमा कौशिक द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की वार्षिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को 91,250 की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों को छाते वितरित किए गए, जो उनके प्रति स्नेह, संरक्षण और सहयोग का प्रतीक रहे। अपने दौरे के दौरान श्रीमती सीमा कौशिक ने सुहासिनी संघ के तत्वावधान में सीएसआर सहयोग तथा उद्यमिता विकास संस्थान भारत के सहयोग से स्थापित मसाला उत्पादन इकाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस इकाई से जुड़ी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और उद्यमशीलता की सराहना की तथा इसकी लाभप्रदता एवं ग्रामीण आजीविका पर पड़ रहे सकारात्मक प्रभाव की प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपने प्रयास निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। यह पहल न केवल शिक्षा को प्रोत्साहन दे रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी सृजित कर रही है। सुहासिनी संघ की यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक उत्तरदायित्व, महिला सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# वनाधिकार के सामुदायिक दावों के निराकरण में आएगी तेजी - कमिश्नर
## वनों के उपयोग के साथ इसके प्रबंधन और संरक्षण की भी है जिम्मेदारी



**रीवा** । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कमिश्नर कार्यालय सभागार में वनाधिकार अधिनियम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत दावे बड़ी संख्या में मान्य किए गए हैं। सामुदायिक दावों के संबंध में राजस्व तथा वन विभाग के अधिकारियों के मन में कई शंकाएं थीं। कार्यशाला में दी गई तथ्यपूर्ण जानकारियों से सभी भ्रांतियाँ दूर हो गई हैं। सामुदायिक वनाधिकार दावे वनों के उपयोग के साथ-साथ इनकी सुरक्षा और संवर्धन का उत्तरदायित्व भी देते हैं। अब सामुदायिक दावों के निराकरण में तेजी आएगी।कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए बंगलौर से आए मास्टर ट्रेनर तथा विषय विशेषज्ञ शरद लेले ने कहा कि वनों में परंपरागत रूप से रहने वाले निवासियों को वन में निस्तार करने की सुविधा तथा वनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली हुई थी। अंग्रेजी शासनकाल में वनों से जुड़े एक्ट बनाकर वनवासियों के अधिकारों का हनन किया गया। वनाधिकार अधिनियम ने वनों में रहने वाले परंपरागत निवासियों को पुनः उनके अधिकार प्रदान किए। यह एक्ट वनवासियों के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों को मान्यता देने का एक्ट है। सामुदायिक दावे में वनों के विदोहन और उपयोग के साथ-साथ वनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की जिम्मेदारी जुड़ी है। सामुदायिक दावों में मुख्य रूप से वन क्षेत्र में स्थित पूजा स्थलों तक परंपरागत मार्ग से जाने और पूजा करने तथा वन क्षेत्र के जलाशयों में मछली पकड़ने के अधिकार शामिल हैं। वन क्षेत्र में आंगनवाड़ी भवन, स्कूल भवन, पानी की टंकी तथा अस्पताल के निर्माण का भी प्रावधान है। इसके साथ-साथ वनों में गिरी पड़ी लकड़ी को एकत्रित करने, महुआ, चिरौंजी तथा तेंदूपत्ता जैसे वनोपज के संग्रहण का भी अधिकार दिया गया है श्री लेले ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम में सभी राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, संरक्षित वन क्षेत्र तथा सामान्य वन क्षेत्र शामिल हैं। वन ग्रामों में भी इसके प्रावधान लागू होते हैं। सामुदायिक दावे सबसे पहले ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति में दर्ज किए जाएं। इसमें पटवारी और वन विभाग के बीटगार्ड केवल भूमि के संबंध में ही अभिमत दें। परंपरागत वनों के क्षेत्र का निर्धारण गांव तथा आसपास के अन्य गांवों के बुजुर्गों से जानकारी लेकर साक्ष्य तैयार किए जाएं। सामुदायिक दावे ग्राम सभा में पारित होकर खण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति को भेजे जाएं। खण्ड स्तरीय समिति इसका परीक्षण करे तथा किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उसे पुनः ग्राम सभा को भेज सकती है। सामुदायिक दावे ठीक पाए जाने पर खण्ड स्तरीय समिति अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति को भेजे। खण्ड स्तरीय समिति को दावा अमान्य करने का अधिकार नहीं है। जिला स्तरीय समिति समुदाय को पूरी जानकारी देकर दावे में अंतिम रूप से निर्णय करेगी।कार्यशाला में बताया गया कि परंपरागत वनवासियों के लिए सामुदायिक दावे के रूप में मुक्तिधाम तथा देवस्थान तक जाने के अधिकार मान्य होंगे। कार्यशाला में वनकर्मियों के प्रशिक्षण, राजस्व तथा वनभूमि क्षेत्र निर्धारण, वनों की सुरक्षा के उपाय तथा सामुदायिक दावों निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव ने वनाधिकार अधिनियम के प्रावधानों तथा कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। संयुक्त आयुक्त जनजातीय कार्य भोपाल केके पवैया ने व्यक्तिगत तथा सामुदायिक दावों के प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा तथा वन मण्डलाधिकारी रीवा लोकेश निरापुरे ने उपयोगी सुझाव दिए। कार्यशाला में सीसीएफ रीवा अनुराग कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी, संभाग के सभी जिलों के वन मण्डलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा एसडीएम एवं एसडीओ वन शामिल रहे। सिंगरौली जिले के कलेक्टर गौरव बैनल तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कार्यशाला में शामिल हुए।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में एनएसयूआई ने चुनाव आयोग का किया पुतला दहन



**रीवा।** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को रीवा के कॉलेज चौराहा पर प्रदर्शन किया। संगठन के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था पर गंभीर आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लोकतंत्र की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जनादेश की अनदेखी कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया गया, इसके बाद विपक्षी विधायकों पर दबाव बनाने और राजनीतिक खरीद-फरोख्त की कोशिशें की गईं। जब इन प्रयासों में सफलता नहीं मिली तो कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन ही निरस्त करा दिया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। पंकज उपाध्याय ने कहा कि एक ओर भाजपा महिला सशक्तिकरण और महिला आरक्षण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर एक आदिवासी महिला नेता को राज्यसभा तक पहुंचने से रोकने के लिए विभिन्न प्रकार की बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह दोहरा रवैया देश की जनता के सामने उजागर हो चुका है। किसी महिला, विशेषकर आदिवासी समाज से आने वाली महिला नेतृत्व की लोकतांत्रिक भागीदारी को बाधित करना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कार्य करना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती दिखाई दे रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत है।एनएसयूआई पदाधिकारियों ने मांग की कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा, स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा विपक्ष की आवाज को दबाने के किसी भी प्रयास को तत्काल रोका जाए। उन्होंने कहा कि देश का युवा वर्ग और छात्र समुदाय लोकतंत्र को कमजोर करने वाली किसी भी कार्रवाई का विरोध करेगा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। कार्यक्रम में एनएसयूआई के कई पदाधिकारी, छात्र नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

रीवा ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 21 जून को आयोजित गतिविधियों की एकत्रित प्रतिवेदन रिपोर्ट 24 जून तक उच्च शिक्षा विभाग को भेजने के लिए कहा गया है। उच्च शिक्षा विभाग का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

## छः उपयंत्रियों का सात-सात दिन का वेतन राजसात किया गया,सीईओ जिला पंचायत ने दिया आदेश

**रीवा ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 6 उपयंत्रियों के सात-सात दिन के वेतन को राजसात करने का आदेश दिया है। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा की प्रगति न्यून होने पर संबंधित उपयंत्रियों से स्पष्टीकरण चहा गया था संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर उपयंत्रियों का वेतन राजसात किया गया है। उपयंत्री जनपद पंचायत रीवा अरूण पटेल, उपयंत्री जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान हरेन्द्र साहू, उपयंत्री जनपद पंचायत गंगेव अरविंद द्विवेदी, उपयंत्री जनपद पंचायत सिरमौर राजीव मरावी, उपयंत्री जनपद पंचायत जवा विमलकांत गौतम एवं उपयंत्री जनपद पंचायत त्योंथर मनीष ओझा को कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अवहेलना करने पर कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिया गया है। उन्होंने आगाह किया है कि यदि उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति पायी जाती है तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# शौर्य चक्र से सम्मानित हुआ रीवा का लाल, तीन गोलियां लगने के बाद भी खूंखार आतंकी को किया ढेर, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, रीवा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**रीवा।** विंध्य की धरती ने एक बार फिर अपनी वीरता और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए देशभर में गौरव हासिल किया है। रीवा जिले की सिरमौर तहसील के ग्राम डेल्ही निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान संजय तिवारी को उनकी अदम्य वीरता, असाधारण साहस और सर्वोच्च कर्तव्यनिष्ठा के लिए देश के प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

संजय तिवारी को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान प्रदर्शित अद्वितीय वीरता के लिए दिया गया है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपने प्राणों की परवाह किए बिना आतंकियों का सामना किया और अपने अदम्य साहस से एक बड़े आतंकी खतरे को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार, 2 नवंबर 2024 को जम्मू-कश्मीर में चलाए गए एक विशेष आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ जवान संजय तिवारी की आतंकियों से आमने-सामने मुठभेड़ हुई। इस दौरान आतंकियों की ओर से की गई अंधाधुंध फायरिंग में उन्हें तीन गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने अपना मोर्चा नहीं छोड़ा। असाधारण साहस और अद्भुत मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए संजय तिवारी ने जवाबी कार्रवाई जारी रखी और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार आतंकवादी उस्मान लाहौरी को मार गिराया। इस अभियान में उन्होंने न केवल आतंकवादी को ढेर किया बल्कि स्वयं भी मौत को मात देकर सुरक्षित बाहर निकलने में सफलता हासिल की।



शौर्य चक्र प्राप्त कर पहली बार पहुंचे गृह क्षेत्र देश के सर्वोच्च वीरता सम्मानों में शामिल शौर्य चक्र प्राप्त करने के बाद जब संजय तिवारी पहली बार अपने गृह क्षेत्र रीवा पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने पुष्पमालाओं तथा पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। रीवा आगमन पर हुए सम्मान और स्वागत से अभिभूत संजय तिवारी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उनके परिवार, गांव, रीवा जिले और पूरे विंध्य क्षेत्र का सम्मान है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करना प्रत्येक नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है और युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समर्पण और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और देश के प्रति समर्पण की भावना हो तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील भी की।

# संजय गांधी हॉस्पिटल मे पानी को तरसे मरीज, परिसर में नहा रही गाड़ियां, अस्पताल परिसर में अवैध पार्किंग और कार वॉशिंग का खेल

रीवा।

संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय एक बार फिर विवादों में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। आरोप है कि जहां भर्ती मरीज और उनके परिजन पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं, वहीं अस्पताल परिसर में अवैध तरीके से कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा है।

### वीडियो में दिखा सच

वायरल वीडियो में परिसर के अंदर गाड़ियों की कतारें और उन्हें धोते हुए लोग साफ दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल की जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल हो रहा है। दूसरी तरफ, कई वार्डों में नलों से पानी नहीं आ रहा। मजबूरी में मरीजों के परिजन महंगे दामों पर बाहर से पानी की बोतलें खरीद रहे हैं।

### जनता का फूटा गुस्सा

मामला सामने आने के बाद नागरिकों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल इलाज के लिए है, न कि कमाई का जरिया बनाने के लिए। नागरिकों ने कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### जिम्मेदार मौन

सबसे हैरानी की बात ये है कि वीडियो वायरल होने के 24 घंटे बाद भी अस्पताल प्रबंधन या जिला प्रशासन की तरफ से कोई सफाई नहीं आई है। इस चुप्पी ने मामले को और तूल दे दिया है।

# पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में धरने पर बैठीं महिलाएं



**रीवा।** शहर में पैसा दोगुना करने के नाम पर कथित तौर पर करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक स्कूल संचालिका और उसके पति ने सैकड़ों महिलाओं को निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपए एकत्र किए और बाद में भुगतान बंद कर दिया। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाएं बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और धरना देकर न्याय की गुहार लगाई। धरने पर बैठी महिलाओं का आरोप है कि स्कूल संचालिका आकला सुल्तान उर्फ नंदा और उसके पति असलम ने आकर्षक निवेश योजना का झांसा देकर उनसे लाखों-करोड़ों रुपए जमा कराए। आरोपियों ने निवेश की राशि निश्चित समयावधि में दोगुनी लौटाने का भरोसा दिलाया था। विश्वास दिलाने के लिए कई महिलाओं को चेक और लिखित एग्रीमेंट भी उपलब्ध कराए गए थे। इसी भरोसे में आकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी जमा पूंजी उनके पास निवेश कर दी। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि शुरुआती दौर में कुछ लोगों को भुगतान किया गया, जिससे अन्य लोग भी योजना से जुड़ते चले गए। लेकिन बाद में भुगतान की प्रक्रिया अचानक बंद हो गई। जब निवेशकों ने अपनी राशि वापस मांगी तो उन्हें टालमटोल जवाब मिलने लगे। आरोप है कि लगातार दबाव बढ़ने के बाद संचालिका अपने पति के साथ फरार हो गई, जिसके बाद पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने काफी समय पहले संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि समय रहते पुलिस द्वारा प्रभावी कदम उठाए जाते तो आरोपी फरार नहीं हो पाते। इसी नाराजगी के चलते बड़ी संख्या में महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं और धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा रकम वापस दिलाने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि उनके साथ जीवनभर की जमा पूंजी से जुड़ा बड़ा आर्थिक अपराध हुआ है। कई महिलाओं ने अपनी बचत, आभूषण बेचकर अथवा उधार लेकर उक्त योजना में पैसा लगाया था। अब उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। महिलाओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में कुछ भाजपा महिला नेत्रियों के नाम भी चर्चा में आए थे। हालांकि संबंधित महिला नेताओं ने इस मामले में स्वयं को पीड़ित महिलाओं के साथ बताते हुए कहा है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए। वही पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि शिकायतों को संज्ञान में लिया गया है तथा जांच की जिम्मेदारी सीएसपी राजीव पाठक को सौंपी गई है।

**12 से 22 जून तक विशेष शिविर, पथ विक्रेताओं को मिलेगा ₹50 हजार तक का ऋण**

# लोक कल्याण मेले में शिविर के माध्यम से 2500 पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को मिलेगा बिना गारंटी ऋण
## 12 जून से लगेंगे विशेष शिविर

**रीवा।** निगमायुक्त श्री अक्षत जैन के निर्देशानुसार लोक कल्याण मेले के अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से लाभान्वित करने हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई। निगमायुक्त ने नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजना के संबंध में विशेष तैयारियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बताया कि भारत सरकार की मंशानुसार शहरी क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके व्यवसाय को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ प्रत्येक पथ विक्रेता तक पहुंचे, इस हेतु लोक कल्याण मेले के अंतर्गत नगर निगम रीवा क्षेत्र में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर 12 जून से 22 जून तक आयोजित किए जाएंगे। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 2500 पात्र हितग्राहियों को विशेष अभियान चलाकर योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए डोर-टू-डोर संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्र में जाकर पथ विक्रेताओं को योजना की सही जानकारी दें तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन सुनिश्चित कर उन्हें लाभ दिलाएं।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत विशेष शिविर 12 जून से 22 जून तक ढेकहा तिराहा, सिरमौर चौक हॉकर कॉर्नर, नहर के पास रतहरा, महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स एस.एफ. चौक, शिल्पी कुंज, समान तिराहा एवं धोबिया टंकी के पास आयोजित किए जाएंगे। निगमायुक्त ने कहा कि शिविर में पात्र हितग्राहियों के लिए एंड-टू-एंड सेवाएं उपलब्ध कराते हुए ऋण की प्रक्रिया एक दिन में पूर्ण की जाए तथा एक ही स्थान पर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए, जिससे उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता न पड़े एवं समय की भी बचत हो। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए। जिन मामलों में तकनीकी समस्या के समाधान में अधिक समय लगे, उनमें संबंधित हितग्राहियों का नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज कर नियमित फॉलोअप किया जाए तथा समस्या के समाधान के बाद उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सभी पात्र पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी ऋण तथा त्वच्ल क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जानी है। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध रूप से ₹15,000, ₹25,000 एवं ₹50,000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुकाने पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान की सुविधा है। इसके अतिरिक्त डिजिटल लेन-देन करने वाले हितग्राहियों को कैशबैक प्रोत्साहन राशि की सुविधा भी दी जाएगी।

शिविरों में पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, ऑनलाइन पंजीयन, ऋण आवेदन, टॉप-अप ऋण, क्रेडिट कार्ड आवेदन, बैंकिंग सेवाएं तथा आवश्यकता अनुसार आधार अपडेट जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी। नगर निगम रीवा ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं, सब्जी एवं फल विक्रेताओं, चाय-नाश्ता संचालकों, ठेला एवं फेरी व्यवसायियों सहित छोटे दुकानदारों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करें तथा अपने व्यवसाय को और बेहतर बनाते हुए आय वृद्धि कर सके। हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पथ विक्रेता पंजीयन/वेंडर प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट फोटो एवं समग्र आईडी साथ लानी होगी।

## घर लौटे तो टूटे मिले ताले, लाखों के जेवर और नकदी गायब



**रीवा।** जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटहट कला में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों सहित 80 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना की जानकारी उस समय सामने आई जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे और मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए मिले। घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे कीमती जेवरात तथा नकदी गायब थी। जानकारी के अनुसार, ग्राम पटहट कला निवासी नितेश जायसवाल का परिवार किसी कार्यवश घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। जब परिवार वापस लौटा तो घर के ताले टूटे हुए देखकर उनके होश उड़ गए। घर के कमरों और अलमारी की तलाशी लेने पर पता चला कि चोर सोने-चांदी के कीमती आभूषणों के साथ-साथ घर में रखी 80 हजार रुपये की नकदी भी ले गए हैं। पीड़ित नितेश जायसवाल ने बताया कि चोरी गए सामान में उनकी मां और बहन के उपयोग में आने वाले कई कीमती आभूषण शामिल हैं। इनमें मंगलसूत्र, सोने के झुमके, अंगूठियां, नथ, सोने की जंजीर, चांदी की पायलें, नाक की कील, चांदी के बर्तन तथा अन्य घरेलू कीमती सामान शामिल हैं। परिवार ने बताया कि वर्षों की मेहनत से संजोए गए आभूषणों के चोरी हो जाने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। घटना की सूचना तत्काल जनेह थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पिपराही के सरदमन गांव में अवैध उत्खनन की शिकायत पर कलेक्टर-एसपी का संयुक्त निरीक्षण

मऊगंज

मऊगंज जिले में अवैध उत्खनन एवं खनन गतिविधियों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक ने पिपराही क्षेत्र के सरदमन गांव का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खनन क्षेत्र, परिवहन मार्ग तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि वर्तमान में उपयोग किए जा रहे प्रचलित मार्ग की विधिवत जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि मार्ग के उपयोग से किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि यदि वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता हो तो भूमि स्वामी एवं



सिद्धिविनायक स्टोन क्रशर संचालक के मध्य आपसी सहमति एवं वैधानिक प्रक्रिया के तहत विधिवत एग्रीमेंट कराया जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।कलेक्टर ने अवैध उत्खनन संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं खनिज अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि खनन गतिविधियां निर्धारित नियमों एवं स्वीकृत शर्तों के अनुरूप संचालित हो रही हैं अथवा नहीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह जांच की जाए कि जिस क्षेत्र में ब्लास्टिंग की अनुमति प्रदान की गई है, कहीं उससे अधिक क्षेत्र में तो विस्फोटक कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खनन कार्य में सुरक्षा मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि जब भी क्रशर में ब्लास्टिंग की कार्रवाही तो सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में ही की गए ताकि गतिविधियों की निगरानी एवं सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसका उल्लंघन करने पर कठोरतम का कार्रवाई की जाएगी।

# बाल अधिकार संरक्षण एवं बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला कार्यबल (DTF) की बैठक सम्पन्न

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कार्यबल (DTF) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बाल अधिकार संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना था।बैठक के दौरान कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 12 जून (अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस) से जिले में विशेष जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाए। साथ ही जून माह को बाल श्रम उन्मूलन एक्शन माह के रूप में मनाते हुए विभिन्न विभागों द्वारा समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।बैठक में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को अपने-अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान करने तथा आवश्यक संरक्षण एवं पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में महिला एवं



बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष द्विवेदी, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी मिश्रा, सदस्य अनिल अग्निहोत्री एवं आरती तिवारी, श्रम विभाग से सुशील कुमार,अंकुर यादव, शिक्षा विभाग से बीईओ मऊगंज, सामाजिक संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी, मऊगंज के प्रतिनिधि तथा समग्र जन चेतना विकास परिषद, रीवा के समन्वयक सुमित सिंह एवं जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के अंत में जिला कलेक्टर महोदय ने सभी विभागों को बाल अधिकारों के संरक्षण एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने पर बल दिया।